# निर्णय वइजलास श्री रामसिंह गुर्जर आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी छबडा जिला बारां द्वारा अध्यासित

प्रकरण संख्या 37 / 2024
दायरा दिनांकः–05.08.2024
निर्णय दिनांकः– 15.1.25

## उनवान

रीना उर्फ मनभर पुत्री रामगोपाल आयु 21 वर्ष जाति मीना निवासी ग्राम युसुफपुरा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)

बनाम

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार तहसील छबडा जिला बारां

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0 आर एक्ट

निर्णय दिनांकः– 15.1.25

अभिभाषक उपस्थितः–1. श्री दौलतराम मीणा– प्रार्थी

अभिभाषक वादी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा,136 एल0आर0एक्ट0 विरूद्ध प्रतिवादीगण के न्यायालय मे इस अशय का पेश किया गया कि वाके ग्राम युसुफपुरा खाता नं. 24 खसरा नं. 133, 134, 263, 292, 295, 296, 297 किता 7 कुल रकबा 2.9716 हैक्टेयर इसी प्रकार से खाता संख्या 23 खसरा नं. 293 / 1.6 / 3 कित्ता 2 कुल रकबा 0.5185 हेक्टेयर इसी प्रकार से खाता संख्या 22 खसरा नं. 261 किता 1 कुल रकबा 0.2403 हैक्टेयर इसी प्रकार खाता संख्या 21 खसरा नं. 161, 162, 163 किता 3 कुल रकबा 0.4299 हैक्टेयर इसी प्रकार से वाके माल अमीनपुरा खाता संख्या 80 खसरा न. 205 / 1, 207 / 1, 208 / 1, 213 / 1 किता 4 कुल रकबा 0.4805 हेक्टेयर इसी प्रकार से खाता संख्या 29 खसरा नं0 197 / 1 किता 1 कुल रकबा 0.6323 हैक्टेयर इसी प्रकार खाता नं. 28 खसरा नं. 206 रकबा 0.0379 हैक्टेयर स्थित है। उक्त आराजी प्रैत्रिक है पिता के फौत होने के कारण प्रार्थीया के नाम राजस्व रिकॉड में दर्ज हुई उस वक्त प्रार्थीया नाबालिग थी आज बालिग हो गयी है। उक्त वर्णित आराजी में प्रार्थीया का नाम मनभर परिवार वालों ने लिखा दिया था जो बचपन का नाम था प्रार्थीया के अन्य सरकारी रिकोर्ड मार्कशीट, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता, परिचय–पत्र सभी में रीना मीना नाम दर्ज है। प्रार्थना पत्र की मद नं. 1 में वर्णित आराजी में मनभर तथा सभी सरकारी रिकोर्ड में रीना मीना दर्ज होने से नाम में भिन्नता होने के कारण कम्प्यूटर स्वीकार नही करता जिसके कारण कृषि से संबंधित सरकारी योजना का लाभ प्रार्थीया को नही मिल पाता है, तथा कृषि बीमा भी नही हो पाता है बड़ी समस्या है।

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जर्ये सम्मन तलब किया गया। प्रार्थीया द्वारा अपने पक्ष के समर्थन नकल जमाबन्दी ग्राम युसुफपुरा सम्वत् 2074–77 खाता संख्या 24 नकल जमाबन्दी ग्राम युसुफपुरा सम्वत् 2074–77 खाता संख्या 23 नकल जमाबन्दी ग्राम युसुफपुरा सम्वत् 2074–77 खाता संख्या 22 नकल जमाबन्दी ग्राम अमीनपुरा सम्वत् 2073–76 खाता संख्या 80 नकल जमाबन्दी ग्राम अमीनपुरा सम्वत् 2073–76 खाता संख्या 29 नकल जमाबन्दी ग्राम युसुफपुरा सम्वत् 2074–77 खाता संख्या 21 नकल जमाबन्दी ग्राम अमीनपुरा सम्वत् 2073–76 खाता संख्या 28 पेश की गई। फोटो प्रति आधार कार्ड रीना अंक तालिका यूनीर्वसिटी कोटा प्रमाण पत्र अंक तालिका माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राज0 अजमेर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र अंक तालिका उच्च माध्यमिक परीक्षा जाति प्रमाण पत्र मूल निवास प्रमाण पत्र जन आधार कार्ड राशन कार्ड पेश किया गया।

बहस अभिभाषक प्रार्थीया सूनी गई बहस के दौरान वकील प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दौहराया गया। वकील प्रार्थी का कथन है कि विवादित आराजी वाके ग्राम युसुफपुरा व अमीनपुरा में स्थित है। प्रार्थीया का नाम राजस्व रिकार्ड में मनभर परिवार वालों ने लिखा दिया जो बचपन का नाम था। प्रार्थीया के अन्य सरकारी रिकार्ड मार्कशीट आधार कार्ड राशन कार्ड मतदाता पहचान पत्र व अन्य सभी दस्तावेजों में रीना मीणा दर्ज है राजस्व रिकार्ड व अन्य दस्तावेजों में अलग–अलग नाम होने से भिन्नता होने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ प्रार्थीया को नही मिल पा रहा है प्रार्थीया अपना नाम अन्य दस्तावेजों के आधार पर राजस्व रिकार्ड में मनभर के स्थान पर रीना मीणा दर्ज किया जावें। जिससे प्रार्थीया को सरकारी लाभ मिल सकें। प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जावें।

बहस अभिभाषक प्रार्थीया सूनी गई पत्रावली एवं रिकार्ड का अवलोकन किया गया। प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत नकल जमाबन्दी ग्राम युसुफपुरा सम्वत् 2074–77 खाता संख्या 24 खाता संख्या 23 खाता संख्या 22 एवं ग्राम अमीनपुरा ग्राम युसुफपुरा सम्वत् 2073–76 खाता संख्या 80 खाता संख्या 29 एवं ग्राम युसुफपुरा सम्वत् 2074–77 खाता संख्या 21 ग्राम अमीनपुरा सम्वत् 2073–76 खाता संख्या 28 में नाबा0 मनभर पुत्री रामगोपाल दर्ज आधार कार्ड अंक तालिका यूनीर्वसिटी कोटा प्रमाण पत्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राज0 अजमेर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक जाति प्रमाण पत्र मूलनिवास प्रमाण पत्र जन आधार कार्ड एवं राशन कार्ड में प्रार्थीया का नाम रीना दर्ज है इस सम्बन्ध में तहसीलदार छबडा से रिपोर्ट ली गई तहसीलदार छबडा ने रिपोर्ट में बताया कि ग्राम युसुफपुरा की खाता संख्या 21,22,23,24 व ग्राम अमीनपुरा की खाता संख्या 80,28, में खातेदार मनभर पुत्री रामगोपाल जाति मीना सा0देह युसुफपुरा दर्ज रिकार्ड है ग्राम वासियों से उक्त प्रार्थीया के नाम की जानकारी ली गई उपस्थित ग्राम वासियों ने बताया कि मनभर व रीना पुत्री रामगोपाल जाति मीना सा0देह युसुफपुरा एक ही व्यक्ति का नाम है उक्त प्रार्थीया को दोनो नामों से जाना जाता है प्रार्थीया का राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में मनभर नाम दर्ज है जबकि प्रार्थीया का अन्य दस्तावेजों में रीना दर्ज है इससे यह साबित होता है कि प्रार्थीया का सही नाम उसके अन्य दस्तावेजों में रीना

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

सही दर्ज है परन्तु राजस्व रिकार्ड में मनभर गलत दर्ज है जिसे दुरूस्त करवाना चाहती है प्रार्थी का प्रार्थना पत्र तहसीलदार छबडा की रिपोर्ट व अन्य दस्तावेजों के आधार स्वीकार किया जाना न्यायोचित है।

## :: क्रियात्मक आदेश ::

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थीया का प्रार्थना धारा 136 एल0आर0 एक्ट स्वीकार किया जाता है विवादित आराजी वाके ग्राम युसुफपुरा के खसरा नम्बर 133,134,263,292,295,296,297 कुल किता 7 रकबा 2.9716 है खसरा नम्बर 293/1, 6/3 किता 2 रकबा 0.5185 है0 खसरा नम्बर 261 रकबा 0.2403 है0 खसरा नम्बर 161,162,163, कुल किता 3 रकबा 0.4299 है0 एवं ग्राम अमीनपुरा के खसरा नम्बर 205/1, 207/1, 208/1, 2013/1 कुल किता 4 रकबा 0.4805 है0 खसरा नम्बर 197/1 रकबा 0.6323 है0 खसरा नम्बर 206 रकबा 0.0379 है0 में प्रार्थीया का नाम मनभर के स्थान पर मनभर उर्फ रीना मीना दर्ज करने के आदेश तहसीलदार छबडा को दिये जातें है।

निर्णय लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

(रामसिंह गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी
आर.ए.एस.
छबडा (बारां)
उपखण्ड अधिकारी, छबडा